**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय के छात्र अली रहमान ने कास्य पदक प्राप्त किया

पन्तनगर। 8 मई 2025। सत्र 2024–25 की 22वी अखिल भारतीय अर्न्त कृषि विश्वविद्यालय गेम्स एण्ड स्पोर्ट्स मीट दिनांक 02 से 05 मई 2025 तक आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या उ.प्र. में आयोजित हुई। उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु पन्तनगर विश्वविद्यालय की 40 सदस्यों की टीम एवं नोडल अधिकारी डा. पूनम त्यागी एवं मैनेजर सह निदेशक शारीरिक शिक्षा डा. भाष्कर तिवारी के रूप में से आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय को प्रस्थान किया।

उक्त प्रतियोगिता में प्रौद्योगिक महाविद्यालय के छात्र अली रहमान ने 100 मी. दौड़ में कास्य पदक प्राप्त कर पंतनगर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया।

इस अवसर पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने प्रौद्योगिक महाविद्यालय के छात्र अली रहमान को पुरूस्कृत किया गया एवं पूरी टीम को बधाईयाँ दी। इस अवसर पर प्रभारी, शारीरिक शिक्षा डा. ओम प्रकाश, सह निदेशक शारीरिक शिक्षा एवं सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रभारी डा. पूनम त्यागी, डा. भाष्कर तिवारी आदि उपस्थित थे।